# भारतीय जनता पार्टी

(केन्द्रीय कार्यालय)
6-ए, दीनदयाल उपाध्याय मार्ग, नई दिल्ली

दिनांक: 03 मई 2024, शुक्रवार

## केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह द्वारा उत्तर गोवा में आयोजित जनसभा में दिए गए संबोधन के मुख्य बिन्दु

**सभी देशवासी अगर आँख बंद करके सोचें की देश को कौन समृद्ध बना सकता है तो सिर्फ मोदी जी का ही नाम आएगा**

*************

**भ्रष्ट इंडी अलायंस के सामने ईमानदार पीएम मोदी जी हैं**

*************

**जरा सी गर्मी बढ़ते ही राहुल बाबा विदेश छुट्टी मनाने भाग जाते हैं**

*************

**इंडी अलायंस का नेता देश के युवा का नहीं अपने बेटे-बेटियों का भविष्य बनाएंगे**

*************

**कांग्रेस गोवा को छोटा राज्य मानते हैं इसीलिए अपनी यात्रा नहीं लाए**

*************

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री और भाजपा के वरिष्ठ नेता श्री अमित शाह ने आज शुक्रवार को उत्तर गोवा में आयोजित विशाल जनसभा को संबोधित किया और कांग्रेस एवं इंडी गठबंधन के भ्रष्टाचार और तुष्टिकरण की राजनीति पर जमकर निशाना साधा। कार्यक्रम के दौरान मंच पर गोवा के मुख्यमंत्री श्री प्रमोद सावंत, भाजपा प्रदेशाध्यक्ष श्री सदानन्द साधले सहित पार्टी के अन्य नेतागण उपस्थित रहे।

श्री शाह ने कहा कि आने वाले मतदान के अंदर गोवा की दोनों सीटों का फैसला आपको करना है, जब गोवा के सभी मतदाता वोट डालने जाये तो आप जरूर ध्यान रखना केवल 2 सांसद नहीं चुन रहे, बल्कि आप आने वाले 5 साल के लिए भारत का भविष्य किस पार्टी के हाथ में है वह तय कर रहे हैं। एक ओर 12 लाख करोड़ के घपले, घोटाले और भ्रष्टाचार करने करने वाला इंडी गठबंधन है और दूसरी ओर 23 साल तक मुख्यमंत्री एवं प्रधानमंत्री आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी हैं जिन पर 25 पैसे का भी आरोप नहीं है। एक ओर जीवन का क्षण-क्षण और शरीर का कण-कण भारत माता समर्पित करने वाले उत्कृष्ट राष्ट्रभक्त श्री नरेन्द्र मोदी जीहैं, जिन्होंने 23 साल तक बिना छुट्टी के जनता के लिए काम किया और दूसरी ओर राहुल बाबा हैं, जो थोड़ा सा तापमान बढ़ते ही वेकेशन के लिए विदेश चले जाते हैं।

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कहा कि जब एक पत्रकार ने इंडी गठबंधन के एक नेता से पीएम उम्मीदवार के बारे में पूछा तो उन्होंने कहा कि उनके साथी बारी-बारी से प्रधानमंत्री बनेंगे। ये है इनकी हकीकत। इस देश ने अस्थिर सरकारें देखी हैं और इसका खामियाजा भी भुगता है। पिछले 10 साल से आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी देश का नेतृत्व कर रहे हैं और उन्होंने देश को स्थिर सरकार दी है। यह इंडी गठबंधन वाले अपने बेटे-बेटियों का भविष्य बना सकते हैं, लेकिन गोवा के युवाओं का भविष्य नहीं बना सकते। शरद पवार, उद्धव, ममता, सोनिया और स्टालिन यह सब अपने बेटे-बेटियों को मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री बनाना चाहते हैं।

श्री शाह ने कहा कि 10 वर्षों तक सोनिया गांधी और मनमोहन सिंह की सरकार थी, तब पाकिस्तान से अलिया, मलिया, और जमालिया जैसे आतंकी भारत में घुस जाते थे और हमले करते थे, लेकिन कोई कुछ नहीं बोलता था। 2014 में माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी की सरकार आई उरी और पुलवामा में फिर से आतंकवादियों ने हमला किया मगर वह भूल गए सरकार बदल गई है, अब मनमोहन जी प्रधानमंत्री नहीं है 56 इंच के सीने वाले श्री नरेन्द्र मोदी जी हैं। 10 दिनों के भीतर सर्जिकल और एयर स्ट्राइक करके पाकिस्तान के घर में घुसकर आतंकवाद का सफाया करने का काम माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने किया है। आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने देश को आतंकवाद से मुक्त कराया है।

कांग्रेस पर निशाना साधते हुए केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कहा कि कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष खड़गे जी कहते हैं कि राजस्थान और गोवा का कश्मीर से क्या लेना-देना है। अरे खड़गे साहब 80 पार कर गए, लेकिन देश को समझ नहीं पाए, कश्मीर के लिए गोवा का बच्चा-बच्चा अपनी जान देने के लिए तैयार है। इंडी गठबंधन वालों ने 70 वर्षों से धारा 370 को अपने अनौरस बच्चे की तरह संभाल कर बैठी थी। आदरणीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी ने 5 अगस्त 2019 को धारा 370 को हमेशा के लिए समाप्त कर दिया। जिस कश्मीर के लाल चौक पर मुरली मनोहर जोशी जी और श्री नरेन्द्र मोदी जी को सेना की सुरक्षा देकर भेजना पड़ता था, उस लाल चौक पर आज शान से तिरंगा लहरा रहा है।

श्री शाह ने कहा कि कांग्रेस 70 साल से राम मंदिर के मुद्दे को अटकाकर रखा। मगर आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने राम मंदिर का भूमि पूजन भी किया और प्राण प्रतिष्ठा करके रामलला को भव्य मंदिर में विराजमान किया। राहुल बाबा, प्रियंका गांधी और शरद पवार को भी प्राण प्रतिष्ठा निमंत्रण भेजा गया, लेकिन वे वोटबैंक की राजनीति के लिए प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में नहीं गए। भारतीय जनता पार्टी वोट बैंक से नहीं डरती है।

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कहा कि कांग्रेस ने भारत जोड़ो यात्रा शुरू की थी लेकिन वे गोवा नहीं गए। खड़गे जी गोवा जैसे छोटे राज्यों को महत्व नहीं देते, क्योंकि इन राज्यों में भाजपा सरकार बनाती है। कोई भी राज्य कितना भी छोटा क्यों न हो, वह देश का अभिन्न अंग है। 4 जून के बाद खड़गे जी को कांग्रेस की ढूंढो यात्रा शुरू करनी पड़ेगी, क्योंकि कांग्रेस कहीं नजर नहीं आएगी। खड़गे जी का मानना है कि हार का ठीकरा राहुल पर फोड़ा जाएगा लेकिन उन्हें याद रखना चाहिए कि नतीजों के लिए उन्हें बलि का बकरा बनाया जाएगा। ये परिवारवादी पार्टी देश का भला नहीं कर सकती।

श्री शाह ने कहा कि आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने का मतलब है देश के अर्थतंत्र को दुनिया में तीसरे स्थान पर पहुंचना। श्री नरेन्द्र मोदी जी ने 80 करोड़ गरीबों के विकास के लिए ढेर सारे विकास किए हैं। देश के 80 करोड़ गरीबों को 5 किलों निशुल्क अनाज मुहैया कराया जा रहा है। 12 करोड़ से ज्यादा शौचालय बनाये गए, 4 करोड़ लोगों को घर प्रदान किए गए, 10 करोड़ से अधिक लोगों को गैस का कनेक्शन मुहैया कराया गया, 14 करोड़ लोगों के घर में नल से जल पहुंचाया और 50 करोड़ लोगों को आयुष्मान भारत से 5 लाख तक का स्वास्थ्य का खर्चा प्रदान किया जा रहा है। मोदी जी ने देश की जनता को कोरोना का टीका लगाकर सुरक्षित करने का काम किया है, और उस वक्त कांग्रेस के शहजादे राहुल राहुल बाबा कहते थे कोरोना का टीका मत लगाओ यह मोदी का टीका है मगर जनता की सुनी नहीं सभी ने टीका लगाया।जब भी कांग्रेस के हाथ में कमान आई देश सुरक्षित नहीं रहा। गोवा में सुप्रीम कोर्ट के प्रलय से पूरा माइनिंग रुका है। मैं कह कर जाता हु मोदी की गारंटी है गोवा की माइनिंग पहले की तरह फिर से चलने लगेगी।

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने 80 करोड़ गरीबों को प्रति व्यक्ति प्रति माह 5 किलोग्राम राशन का मुफ्त वितरण सुनिश्चित किया, 12 करोड़ से अधिक शौचालयों का निर्माण किया, 4 करोड़ से अधिक लोगों को घर प्रदान किए, 10 करोड़ परिवारों को गैस कनेक्शन दिए, 'नल से जल' प्रदान किया। '14 करोड़ लोगों को, और 50 करोड़ लोगों को आयुष्मान भारत के तहत ₹5 लाख तक मुफ्त स्वास्थ्य देखभाल खर्च की पेशकश की। गोवा और कुंडापुर के बीच चार-लेन राजमार्गों के निर्माण के लिए कुल 1600 करोड़ रुपये आवंटित किए गए है, जबकि 1500 करोड़ रुपये की लागत से जुआरी नदी पर एक नया केबल पुल खोला गया था। इसके अतिरिक्त एमईएस कॉलेज से बोगमालो जंक्शन तक चार-लेन फ्लाईओवर के निर्माण के लिए 800 करोड़ रुपये का उपयोग किया है। मनोहर पर्रिकर अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे को 3000 करोड़ रुपये की लागत से बनाया गया है और मत्स्य पालन विकास के लिए 50 करोड़ रुपये और एनआईटी के निर्माण के लिए 40 करोड़ रुपये के आवंटन के साथ पूरा किया गया। 1000 करोड़ रुपये की 47 से अधिक लाभार्थी योजनाएं शुरू की गई।

श्री शाह ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री प्रमोद सावंत के नेतृत्व में राज्य में आयुष्मान भारत, हर घर जल मिशन, स्वच्छ भारत योजना, अन्न योजना, आवास योजना, डीबीटी योजनाएं आदि जैसी केंद्रीय योजनाएं लागू की गई हैं, जिन्होंने सुनिश्चित किया कि हर जरूरतमंद को इसका लाभ मिले। इंडी गठबंधन को गोवा के लोगों को राज्य के विकास के लिए अपनी योजना के बारे में सूचित करना चाहिए। भाजपा के 'संकल्प पत्र' में प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने भारत की सुरक्षा और समृद्धि को बढ़ाने का संकल्प लिया। इस दृष्टिकोण में विभिन्न देशों से भारत में निवेश आकर्षित करना, इसे एक वैश्विक विनिर्माण केंद्र बनाना शामिल है। मेरी आपसे अपील है कि गोवा के लोगों को श्री श्रीपद नाइक और श्रीमती के लिए वोट

करना चाहिए। पल्लवी श्रीनिवास डेम्पो. जनता 'कमल' निशान पर अपना वोट देकर आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के तीसरे कार्यकाल को सुनिश्चित करेगी और '400 पार' के सपने को पूरा करेगी।

********************